20. यदि $\vec{a}$, $\vec{b}$ तथा $\vec{c}$ समान परिमाण वाले तीन सदिश परस्पर लंबवत है । दर्शाइए कि सदिश $\vec{a} + \vec{b} + \vec{c}$ सदिशों $\vec{a}$, $\vec{b}$ तथा $\vec{c}$ प्रत्येक पर समान रूप से झुका है । $\vec{a} + \vec{b} + \vec{c}$, जो कोण $\vec{a}$ अथवा $\vec{b}$ अथवा $\vec{c}$ के साथ बनाता है, वह भी ज्ञात कीजिए ।

If $\vec{a}$, $\vec{b}$, $\vec{c}$ are mutually perpendicular vectors of equal magnitudes, show that the vector $\vec{a} + \vec{b} + \vec{c}$ is equally inclined to $\vec{a}$, $\vec{b}$ and $\vec{c}$. Also, find the angle which $\vec{a} + \vec{b} + \vec{c}$ makes with $\vec{a}$ or $\vec{b}$ or $\vec{c}$.

21. यादृच्छिक चर X, केवल 0, 1, 2, 3 के मान ले सकता है । दिया है कि P(X = 0) = P(X = 1) = p तथा P(X = 2) = P(X = 3) ऐसे हैं कि $\Sigma p_i x_i^2 = 2\Sigma p_i x_i$ है, तो p का मान ज्ञात कीजिए ।

The random variable X can take only the values 0, 1, 2, 3. Given that P(X = 0) = P(X = 1) = p and P(X = 2) = P(X = 3) such that $\Sigma p_i x_i^2 = 2\Sigma p_i x_i$, find the value of p.

22. प्राय: यह माना जाता है कि एक सत्यवादी मनुष्य समाज में अधिक आदर पाता है । एक व्यक्ति के विषय में ज्ञात है कि वह 5 बार में से 4 बार सत्य बोलता है । वह एक पासा फेंकता है तथा कहता हैं कि छ: आया है । प्रायिकता ज्ञात कीजिए कि सचमुच में 6 आया है ।

क्या आप सहमत है कि सत्य कथन कहने वाला समाज में अधिक आदर पाता है ?

Often it is taken that a truthful person commands, more respect in the society. A man is known to speak the truth 4 out of 5 times. He throws a die and reports that it is a six. Find the probability that it is actually a six.

Do you also agree that the value of truthfulness leads to more respect in the society ?

23. निम्न रैखिक प्रोग्रामन समस्या को आलेख द्वारा हल कीजिए :

न्यूनतमीकरण कीजिए : $Z = 5x + 10y$

व्यवरोधों

के अन्तर्गत $\quad x + 2y \leq 120$

$x + y \geq 60$

$x - 2y \geq 0$

तथा $\quad x, y \geq 0$

Solve the following L.P.P. graphically :

Minimise $\quad Z = 5x + 10y$

Subject to $\quad x + 2y \leq 120$

Constraints $\quad x + y \geq 60$

$x - 2y \geq 0$

and $\quad x, y \geq 0$

